Name of the drug	Manufacturer
4. Imosec Capsules	M/s. Ethnor Ltd.
5. Histapred tablets	M/s. Wyeth Labo. Ltd., Bombay.
6. Colestamine tablets	M/s. Fulford (India) Ltd., Bombay.
7. Colorbutusons tablets Color-Emfloxa tablets	M/s. Medo Pharma, Madras.
8. Histomagk tablets	M/s. Domagk Pharma Guntur, Andhra Pradesh.
9. Escort tablets	M/s. Unitabules Pvt. Ltd., Vijaywada, Andhra Pradesh.
10. Histacort tablets	M/s. South India Research Institute Pvt. Ltd., Vijayawada, Andhra Pradesh.
11. Cortril A tablets	M/s Micro Laboratories Pvt. Ltd., Madras.
12. Doxmine Pius tablets	M/s. Baroda Pharma Pvt. Ltd. Baroda, Ahmedabad.
13. Chloropred tablets	M/s. Eros Pharma Bangalore, Karnataka.
14. Trinergic capsules Trinergic Injections	M/s. Uhichem Labo. (I) Ltd., Bombay.

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के औषधालयों में परिवार नियोजन के लिए पुरस्कारों का दिया जाना

2971. **श्री सूरज प्रसाद :**
श्री राम नरेश कुशवाहा :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि परिवार नियोजन के केस केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के औषधालयों में भी किये जाते हैं ;

(ख) क्या सरकार ऐसे औषधालयों को जो अपने यहां अधिक से अधिक परिवार नियोजन संबंधी केस करते हैं, 2000/ रुपये से 4,000/– रुपये तक के इनाम देती है ;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि डिस्पेंसरी का इन्चार्ज इस राशि को अपने कर्मचारियों में नहीं बांटता ;

(घ) यदि हां, तो सरकार इन कर्मचारियों को उनका वाजिब हक दिलाने के लिए क्या कदम उठा रही है ; और

(ङ) यदि उपयुक्त मांग (घ) का उत्तर "ना" हो, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) दिल्ली प्रशासन ने केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के कुछ औषधालयों को 500/ से 2,000/ रुपये के बीच कुछ सामूहिक प्रोत्साहन स्वरूप इनाम दिये हैं । इस राशि को कर्मचारियों में विधिवत रूप से बांटा गया है ।

(घ) और (ङ) उपयुक्त (ख) और (ग) में दिये गये उत्तर को देखते हुए यह प्रश्न नहीं उठता ।